Clauses 2 to 25 were added to the Bill.

Clause 26 - Amendment of Act 25 of 1946.

Interpretation Section.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now, we shall take up clause 26 for consideration. There are two Amendments, Nos. 1 and 2, by the Minister.

SHRI HARIN PATHAK: Madam, I am extremely grateful to the hon. Members of the House who have unanimously adopted the motion for consideration of the Central Vigilance Commission Bill, 2003, as passed by the Lok Sabha. Now, with your permission, Madam, I move the following official Amendments:

That at page 9, *for* lines 15-17, the following be *substituted* namely:-

"(d) Secretary (Coordination and Public Grievances) in the Cabinet Secretariat". -- Member;

That at page 9, line 32, *for* the words "Joint Director" the words "Superintendent of Police" be *substituted.*

The question was put and the motion was adopted.

Clause 26, as amended, was added to the Bill.

Clause 27 and the Schedule were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI HARIN PATHAK: Madam, I beg to move:

That the Bill, as amended, be passed.

The question was put and the motion was adopted.

The Repatriation Of Prisoners Bill, 2003

THE DEPUTY CHAIRMAN: Thank you all for the cooperation. Now we will take up the Repatriation of Prisoners Bill, 2003. One hour has been allotted for it. We will finish this Bill in one hour.

श्री बालकवि बैरागी (मध्य प्रदेश) : मैडम, आप से एक प्रार्थना है कि आज शाम को साढ़े छः बजे बिस्मिल्लाह खां साहब की शहनाई का बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्रम रखा गया है और

सबका जाना जरूरी है। बार-बार अपील हो रही है कि वहां जाना चाहिए। वे अपनी बीमारी से उठने के बाद हमारे बीच मे आए हैं। आप से यह प्रार्थना है कि आप यह जो दूसरा बिल ले रही हैं, इसको इनट्रड्यूज करवा लीजिए और कृपा करके छुट्टी दीजिए वरना हम लोगों के नगाड़े बजना शुरु हो जाएंगे।

उपसभापति : देखिए, इस बिल को बिजिनेस एडवाइजरी कमेटी ने एक घंटा दिया है। कायदे से यह बिल कल पास होना चाहिए था जैसाकि हमने कमिटमेंट किया था ।

DR. T. SUBBARAMI REDDY: Madam, we have to listen to *Shehnai*.

THE DEPUTY CHAIRMAN: You can go to that programme and listen to the *Shehnai* after you pass this Bill; otherwise, it will not be a very happy occasion for us. Let us pass this Bill in one hour. To go to the Library building, it will not taken more than two minutes.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI I.D. SWAMI) : Madam, I move:

> That the Bill to provide for the transfer for certain prisoners from India to country or place outside India and reception in India of certain prisoners from country or place outside India, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration.

Presently, as the august House knows, there is no legal provision in the CrPC and there is no other law whereby we can transport or repatriate prisoners languishing in jails in other countries and *vice-versa*. Most of the prisoners who are here in our jails also cannot be transferred to other countries because there is no law at present. In the absence of the legislative provision, it has become almost impossible to execute treaties and agreements with foreign Governments for transfer of convicted persons. The sentence awarded by foreign courts cannot be acted upon under the existing laws. The proposed legislation in conjuction with bilateral agreements or treaties would certainly enable this Government to transfer the foreign convicted offenders to the countries of their origin and receive the Indian citizens serving sentences and languishing for a long time in jails of other countries. This provision shall apply to the enforcement of sentences imposed before as well as after the enactment of this law.

Madam, this is a happy note that the Parliamentary Standing Committee on Home Affairs, to whom this Bill was referred to by this House, has discussed this Bill clause-by-clause in its meetings and sought some clarifications from the Ministry. After those clarifications were given,

on the basis of their deliberations and discussions and replies to their questions, the Parliamentary Standing Committee adopted all the clauses in their original form with a small, short observation which will be discussed later. So, in fact, this is an enabling law meant for implementation of the Treaties and Agreements and repatriation of Indian prisoners in the jails of foreign countries and *vice-versa*. In fact, India has already entered into initial stages with three countries, namely, U.K. France and Norway, and with as many as 14 countries, we have already done the negotiation part, and agreement has to be signed. With five other countries, we are in the proces of negotiation. All these negotiations, all these agreements, will be ratified later. But, before that stage comes, we needed a law, for which, the Repatriation of Prisoners Bill, 2003, which has been passed by the Lok Sabha, is being placed before this House for its consideration so that this Bill is considered and passed.

The question was proposed.

[THE VICE CHAIRMAN (SHRI SANTOSH BAGRODIA) in the Chair]

श्री मूल चंद मीणा (राजस्थान) : उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी "बंदी संप्रत्यावर्तन विधेयक, 2003" को लाए हैं, इसमें मंशा तो अच्छी लगती है, क्योंकि भारत की जेलों मे और दूसरे देशों की जेलों के अंदर कई ऐसे लोगों को बंदी बना लिया गया, जिसकी चिंता भारत सरकार को भी है और विदेश की सरकारों को भी चिंता है। इन बंदियों का प्रत्यावर्तन भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 और दूसरी विधियों के द्वारा यह नहीं किया जा सकता था, इसको दूर करने के लिए ही मंत्री जी उन बंदियों का प्रत्यार्वर्त्तन करने के लिए ही यह विधेयक लाए हैं। लेकिन मैं मंत्री महोदय से कुछ बातें जानना चाहूंगा । अपराधी दो तरह के होते हैं जो कि हमारी और विदेशों की जेलों मे बंद हैं । एक तो वे हैं जिनको सजा सुना दी गई है, कुछ बंदी ऐसे हैं जिनकी जांच चल रही है, उनके मामले चल रहे हैं, उन पर अंतिक निर्णय नहीं हुए हैं। इन अपराधियों की कोई जाति नहीं होती । कुछ तो वास्तविक अपराधी पकड़े जाते हैं। कुछ ऐसे लोग होते हैं, जैसे भारत के लोग दूसरे देशों में जाते हैं, कोई व्यापार के लिए चला जाता है, कोई बेरोजगार होता है तो रोजगार के लिए चला जाता है, वे कुछ छोटी-मोटी गलतियां कर लेते हैं, क्योंकि उनको विदेशो मे कानून का ज्ञान नहीं रहता है और ऐसे लोगो को पकड़ कर बंद कर दिया जाता है, जो आजीवन जेलो मे पड़े रहते हैं। इस कानून के बनने के बाद उम्मीद है कि ऐसे लोगो को छुड़ाने में मदद मिलेगी। कुछ ऐसे भी अपराधी हैं, जो इस देश मे उथल-पुथल करके दूसरे देश मे चले जाते हैं। यहां भयंकर अपराध करते हैं और दूसरे देश मे जाकर छिप जाते हैं, जिनका प्रत्यार्पण नहीं कर सकते थे, हो सकता है इस कानून के बन जाने से ऐसे अपराधियों को लाने मे मदद मिले।

उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय से मैं यह जानना चाहूंगा, जैसा हमारे विदेश मंत्री जी ने अभी कुछ दिन पहले कहा था कि हमने सात देशों के साथ प्रत्यार्पण संधि की

5.00 P.M.

है, पुर्तगाल के साथ भी आपने संधि की है क्योंकि इसमे पुर्तगाल भी है, लेकिन अभी भी पुर्तगाल की सरकार ने, पुर्तगाल की पुलिस ने अबू सलेम और मोनिका बेदी को जो गिरफ्तार किया था, जिनको लाने के लिए आपकी सरकार ने कोशिश भी की, उस संबंध में आज क्या स्थिति है? उनको पुर्तगाल की सरकार ने आपको क्यों नही दिया? हिन्दुस्तान में उनको क्यों नहीं भेजा? एक तो आप यह बता दे। दूसरी जानकारी आप यह दे दे कि हमारे पड़ौसी देश पाकिस्तान के अंदर हमारे बहुत बड़े अपराधी, 20 ऐसे अपराधी, जिनके लिए भारत सरकार ने पाकिस्तान सरकार से उन्हे हिन्दुस्तान को प्रत्यार्पण करने के लिए कई बार दबाव डाला, यहां तक कि हमारे देश की सरकार ने अमरीका से निवेदन भी किया, अमरीका का दबाव भी डलवाया, उसके बाद भी उन अपराधियो को पाकिस्तान हमे क्यो नही दे रहा? मंत्री महोदय यह बता दे। इसके साथ ही यह प्रत्यार्पण संधि जिन सात देशो के साथ करने की बात कही गई, हमारे विदेश मंत्री जी ने कही, उस बारे मे आप यह भी बता दें कि वे कौन कौन से देश हैं? किस किस देश के साथ आपकी यह प्रत्यार्पण संधि हुई है?

उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे देश मे जो लोग अपराध करके दूसरे देश मे चले जाते हैं, बहुत सारे ऐसे लोग आज भी पाकिस्तान की शरण मे हैं। इस कानून के बन जाने से आप पाकिस्तान से उन अपराधियो को लाने मे कैसे सक्षम हो पाएंगे? मैं चाहूंगा कि मंत्री जी इस बारे मे थोड़ा स्पष्ट कर दें तो मेरी जो शंकाएं हैं कि इस कानून के बन जाने के बाद भी वह बाते पूरी नही पाएंगी, वे शंकाएं दूर हो जाएंगी। एक बात मैं आपके ध्यान मे लाना चाहता हूँ कि पुर्लिया मे कुछ साल पहले घातक हथियार डाले गए थे और उस समय वहां पर एक विदेशी भी पकड़ा गया था, लेकिन मैं नहीं जानता, मेरी जानकारी मे नही है कि उस विदेशी को आपने छोड़ दिया है या जेल मे है या कहां है, कहां नहीं है। मैं जानना चाहूंगा कि वह अपराधी कहां है और जो इतने बड़े घातक हथियार डालने वाले थे, उनमे कितने लोगो को आपने पकड़ा था, कितनो को सजा हुई है? इस बारे मे भी जो थोड़ा संदेह पैदा हो रहा है, उसको भी आप स्पष्ट कर दे।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ कि यह जो प्रत्यार्पण संधि बिल आप लाए हैं, इसको लाने के बाद मुझे लगता है कि हमारे मछुआरो को भी इससे मदद मिलेगी। हमारे देश के मछुआरे कई बार समुद्र मे जब जाते है तो वे सीमाएं लांघ जाते हैं क्योंकि सीमाओ का उन्हे ज्ञान नही रहता है और वे श्रीलंका या पाकिस्तान द्वारा बंदी बना लिए जाते हैं। मंत्री महोदय, मैं आपको याद दिलाना चाहूंगा कि पाकिस्तान में उन मछुआरो के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है। जब पाकिस्तान की जेलो से ये लोग वापस यहां आते हैं तो अपनी कहानी बताते हैं कि पाकिस्तान की जेलो में उनके साथ क्या क्या घटनाएं हुई, कैसा-कैसा व्यवहार उनके साथ किया गया, जिसे सुनकर रौंगटे खड़े हो जाते हैं। पाकिस्तान के अंदर मामूली अपराध करने वाले हिन्दुस्तान के आदमी को गिरफ्तार करके बंद कर दिया जाता है, उसके हाथ-पैर काट दिए जाते हैं, अपंग कर दिया जाता है। इस कानून के बन जाने के बाद उम्मीद है कि ऐसे लोगो को राहत मिलेगी। इसके साथ ही आपने इस बिल में कुछ ऐसे क्लॉज बताए हैं, जिनके अनुसार कुछ ऐसे अपराधी हैं, जिनको हम ट्रांसफर नहीं कर सकेंगे। उनमे पहला तो यह है कि जिन्होंने इस देश की सुरक्षा, राष्ट्रहित के विरुद्ध काम किया हो, जो जेलो मे सजा काट रहे हो, उन्हे किसी प्रकार से ट्रांसफर नहीं करेंगे। दूसरा यह है कि वह व्यक्ति जिसके विरुद्ध इंटर-स्टेट के अंदर मामला लंबित हो, चाहे हमारे राज्य में इस प्रकार का अन्य

मामला न हो, उस व्यक्ति को भी रखा जाना अनिवार्य है। तीसरा यह है कि किसी अन्य अपराध मे वे अपराधी पाए गए तो उन्हे यहां से ट्रांसफर नहीं करेंगे। चौथा यह है कि इंटर-स्टेट मामले में अगर बंदी को मृत्युदंड दे दिया गया है, तो उसको भी ट्रांसफर नहीं करेंगे।

मंत्री महोदय, मैं आपकी जानकारी में यह लाना चाहूंगा कि 1971 मे बंगला देश के साथ हमारा युद्ध हुआ। बंगला देश के युद्ध में हमारे देश के 54 सैनिक अधिकारियों को पाकिस्तान ने अपनी जेलो में डाल रखा है। इनमें एक अधिकारी राजस्थान का है जिसका नाम है मनोहर पुरोहित। वह छोटी सादड़ी, चित्तौड़गढ़ जिले का रहने वाला है। आपका यह कानून बने, उसके बाद आप उन 54 अधिकारियों को लाने के लिए क्या करेंगे? इस कानून के माध्यम से आप कुछ करेंगे या पाकिस्तान सरकार पर दबाव डालकर उन सैनिकों को अपने देश के अंदर लाएंगे?

(उपसभापति पीठासीन हुई)

यह कानून बनने के बाद मुझे लगता है कि इस कानून का मानवीय पक्ष बहुत मजबूत हो जाएगा क्योंकि कई ऐसे अपराधी हैं जो छोटे-मोटे अपराधों में आजीवन कारावास भोग रहे हैं। उनके यहां आने से या वे जिस देश के हैं, उनको वहां भेजने पर वे कुछ दिनों के लिए शारीरिक, मानसिक रूप से अपने परिवार के साथ रह सकें और उनके साथ समय बिता सके...**(व्यवधान)**...

उपसभापति : मूल चन्द मीणा जी, आपने जब शुरू किया था तो कहा था कि मैं बहुत थोड़ा बोलूंगा।

श्री मूल चन्द मीणा : मैडम, मैं थोड़ा ही तो बोला हूं। मेरा भाषण खत्म हो रहा है, अगर आप बीच में बोलेंगी तो लंबा चल जाएगा।

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please be brief. Don't make a fun of it. I am sitting on the Chair, and I have a responsibility to do. Don't laugh because that irritates me. I am doing my duty. We have to go. The Members raised the issue about Bismillah Khan. If you want to go there, then finish it.

श्री मूल चन्द मीणा : मैडम, आप नाराज मत होइए।

उपसभापति : मैं नाराज होऊंगी।

श्री मूल चन्द मीणा : मेरे कहने का मतलब यह है कि मैं खत्म कर रहा हूं। अगर आप बीच में बोलेंगी तो लंबा खिंच जाएगा।

THE DEPUTY CHAIRMAN: No, but please don't make the fun of my ringing the bell. Never do that. When I ring the bell, I ring it with all the responsibility at my command. So, don't make fun of it.

श्री मूल चन्द मीणा : मैं तो आपको हाई-कमान समझ रहा हूं। आप यहां ऊपर बैठी हो।

उपसभापति : आपकी हाई-कमान कहीं और है, यहां नहीं है।

श्री मूल चन्द मीणा : आप इस सीट पर बैठी हो, मैं आपका हुक्म मान रहा हूं लेकिन अगर आप बीच मे बोलेंगी तो लंबा हो जाएगा। मैं तो खत्म कर रहा था।

उपसभापति : अगर हुक्म मान रहे हैं तो बोलिए, खत्म करिए।

श्री मूल चन्द मीणा : महोदया, मैं माननीय मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि पाकिस्तान की जेलों में हिंदुस्तान के कई निर्दोष लोगो को डाल रखा है, उनको यहां वापस लाने के लिए आपका यह बिल कितना कारगर हो सकेगा? अगर नही हो सके तो कोई दूसरा मजबूत बिल लाएं जिससे उन लोगो को पाकिस्तान की जेलो से यहां लाया जा सके। अभी एक ऐसा बिल पंजाब मे लाया गया है, उसका कितना स्वागत हुआ है। पंजाब के लोगों ने उसका बहुत स्वागत किया है। इसलिए इस बिल के माध्यम से ऐसे निर्दोष लोगों को पाकिस्तान की जेलो से छुटकारा मिल सके, यही कहकर मैं इस बिल का समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

उपसभापति : अभय कांत प्रसाद जी, आप बोलिए। जल्दी से बोल दीजिए। इस पर ज्यादा लंबा नही बोलना है। श्री अभय कांत प्रसाद। जल्दी बोल दीजिए।

श्री अभय कांत प्रसाद (झारखंड) : उपसभापति महोदया, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। सरकार जो विधेयक ला रही है उसके लिए विशेष रूप से हम बधाई देना चाहते हैं। भारत का दृष्टिकोण प्रारम्भ से ही मानवतावादी रहा है। इसी दृष्टिकोण के आधार पर सरकार इस विधेयक को लाई है। आज बहुत सारे लोग विभिन्न कठिन परिस्थितियो मे अज्ञानतावश कोई गलती होने पर उसके कारण कई राष्ट्रों मे सजा काट रहे हैं और सही विधिक सलाह और विधि का प्रबंधन नही होने के कारण वे काफी कठिनाईयो मे फंसे रहते हैं। सरकार इस विधेयक के माध्यम से बहुत अच्छा कानून बना रही है। इससे सरकार की मानवीय संवेदनशीलता झलकती है। मैं यह महसूस करता हूं कि इस विधेयक को और भी कारगर बनाया जाए।

कई विदेशी बन्दी जो काफी लम्बे समय से हमारी जेलो मे रह रहे हैं जिनके रहने से भारत सरकार के सामने भी कई प्रकार की समस्याएं खड़ी होती हैं, उन बंदियो को हम यहां से इनके देशो की जेलो मे ट्रांसफर करे क्योकि उनको यहां रखने पर भी काफी खर्च पड़ता है और अनेक तरह की कठिनाइयो का सामना करना पड़ता है। इन सारी परेशानियो से बचने के लिए भारत सरकार का यह जो विधेयक है यह सराहनीय है। लेकिन कुछ ऐसी बात है जिनके आधार पर हम कैदी को यहां से ट्रांसफर नहीं कर सकते यदि उसने देश की प्रभुता, सुरक्षा और राष्ट्रहित के विरूद्ध काम किया है या उस व्यक्ति के विरुद्ध इंटरस्टेट मे कोई अन्य मामला लम्बित न हो। अगर वह किसी अन्य अपराध मे अपराधी पाया गया है तथा इंटरस्टेट मे उस बन्दी को मृत्युदंड दे दिया गया है तो हम उसे यहां से ट्रांसफर नही कर पाएंगे। यदि कोई व्यक्ति या उसका कोई प्रतिनिधि आवेदन देता है कि यह व्यक्ति आयु पूरी कर रहा है, शारीरिक क्षमता नही रखता है, उसको ट्रांसफर कर सकते हैं। इस तरह से यह जो विधेयक है इससे हमे काफी लाभ होने वाला है। इसमे जो त्रुटियां हैं उनका अगर हम सुधार कर दे तो यह विधेयक आज की परिस्थितियो मे काफी उपयोगी सिद्ध होगा। मैं इतना ही कह कर अपनी बात समाप्त करता हूं और आपको बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

SHRIMATI N.P. DURGA (Andhra Pradesh): Madam Deputy Chairman, I rise to support this Bill. This is a welcome move of the NDA Government and this Bill has necessitated, in the light of hundreds of prisoners of various countries languishing in the Indian jails and hundreds of Indian prisoners languishing in the jails of other countries, especially in Pakistan, China, etc. The proposed legislation enables the Government of India to send foreign convicted persons, who are undergoing imprisonment in India to those countries and *vice-versa*.

It is not out of place to point out here that if you look at the Extradition Treaties that India entered into, since Independence, you will be surprised to know, India could enter into agreements for extraditing fugitives or prisoners with only 16 countries! This clearly shows that the Government of India is moving, especially in the area of entering into Extradition Treaties with other countries, at a snail's pace. If you look at the current situation in the country and elsewhere, we have to have more and more Extradition Treaties, especially with the Western countries and the Gulf countries, since majority of our people are working there and majority of the fugitives are hiding in the Gulf countries, UK, etc. Here, I would like to know from the hon. Minister why the Extradition Treaties entered into by India with Germany, Mongolia, Spain, Tunisia, Turkey and Ukraine under the Extradition Act, 1962, did not come into force? What are the reasons behind this? How will the Ministry ensure, in co-ordination with the Ministry of External Affairs, through diplomatic channels and at the political level to implement them?

The other point is, the treatment of Prisoners of War is an issue which concerns all of us. Here, I would like to concentrate only on Pakistan. The condition of our Prisoners of War either caught on espionage or during the course of a conflict or war or other civilian prisoners, fishermen, etc., is pathetic. Our Prisoners of War in Pakistan jails are not being treated according to Articles 13, 14 and other relevant Articles of Convention (III) of the Geneva Convention. Madam, Article 12 of the Convention says that the Prisoners of War have to be in the hands of the enemy power, but not of the individuals or military units who have captured them. But, what is happening to our Prisoners of War in Pakistan? They are all in the hands of Pakistan military or in the hands of the ISI. So, I would urge upon the Government to take necessary steps and see that, at least, our Prisoners of War are treated humanely in Pakistan jails. According to the Bill, if there is no treaty, then, you cannot transfer a prisoner. We do not have any treaty

with Pakistan and even when the hon. Home Minister, Shri L.K. Advani, proposed to General Musharraf, when he came to India, in July, 2001, he outrightly rejected the idea. So, in such circumstances, what would the Government of India do? Apart from Prisoners of War, we also have hundreds of our fishermen languishing in Pakistan jails. So, we have to take steps to bring them back to our country. There is also a problem for our countrymen who have gone in search of jobs to the Gulf countries. Sometimes, even, without knowing the law of the land, they might commit some mistakes. But, such mistakes should not be treated as grave offences and they should be released by giving a warning. So, I suggest to the hon. Minister first to concentrate on those countries, where we have many Indian prisoners and immediately enter into a treaty with those countries as soon as this Bill becomes an Act.

Then, the Bill says that the prisoners would be transferred to the State to which the prisoner belongs with a condition that the rest of the sentence will have to be undergone in the transferred State. If the provisions of both the States are not similar and if a prisoner possesses a duel citizenship, and, at the same time, there are countries where you can buyback your sentence, in such circumstances, what will happen to the prisoners whom you are going to release after this legislation comes into force. No Indian law has a provision to buyback any sentence. Or, if the laws of State to which we repatriate a prisoner are not stringent, then what will happen? In the absence of any monitoring mechanism, how will the Government of India ensure that the prisoners, who were transferred to the contracted country, are undergoing their sentences as they would have undergone in India?

Then, it is not out of place to mention here to find out from the hon. Minister as to what has happened to the Pakistan Prime Minister's 6th May, 2003, statement that 300 Indian prisoners would be handed over to India. So far, it has released only 20 prisoners.

Finally, Madam...*(Time-bell rings)*...under Clause 4, you are talking about submitting an application for transferring a prisoner by himself or any person to act on his behalf and you are issuing warrant for transfer under Clause 8, but you have not specified any timeframe within which this whole process has to be completed. For example, in UK, the process of considering application may take as long as 2-3 years to complete. I wish the hon. Minister to ponder over this and see that prisoners are released within a stipulated time and the repatriation agreements that are going to be

entered into after passing of this Bill should also specifically incorporate a provision that within a prescribed timeframe the prisoners should be released by other countries.

I hope the hon. Minister will respond to my queries while replying to the debate on this Bill. With these words, I once gain, support the Bill. Thank you.

SHRI SK. KHABIR UDDIN AHMED (West Bengal): Madam Deputy Chairperson, I thank you very much for giving me this opportunity to participate in this debate. There are no legal provisions either in the Criminal Procedure Code or in any other law under which a foreigner, convicted in India, could be transferred outside India and *vice-versa*. That procedure is being brought about in this Repatriation of Prisoners Bill, 2003. Madam, this Bill covers those persons who are convicted and sent to jail in this country and does not cover those persons who are under prosecution, under trail or any other proceeding pending against that person. I think the Ministry of Home Affairs should take necessary steps so that we can calculate the number of people who are facing trials, who are convicted and sent to jail and who are really in need of legal assistance. I would like to know from the hon. Minister as to who will bear the expenses for the repatriates. It should be made specific, at the time of framing the rules. Otherwise, this legislation cannot be enforced effectively. Then, Madam, a large number of Indians who went for employment to Saudi Arabia or UAE, Malaysia, Maldives, African countries and elsewhere were put in jails of those countries on very trivial offences. They were misused by unscrupulous elements and are being tortured like anything. The Ministry of External Affairs should follow-up this aspect so that proper assistance, well in time, is given to those Indian citizens. Madam Deputy Chairman, some Indian nationals are languishing in jails in various countries without any trial for long time. The Government should evolve a mechanism to take up such issues with Governments of those countries for speedy trial and repatriation of Indian nationals. Madam, foreigners or foreign tourists come here not only for work but also, maybe, for other reasons too. They are being sentenced for petty or serious crime and kept in Indian jails. The Bill says, "There shall be a State which is prepared to accept the prisoners and the condition required is that the remaining part of the sentence will have to be undergone in the transferred State." After getting repatriated to the other country, a prisoner should not be let out of the sentences according to their law. In that case, the sentence could be lightened and they may be let off

according to their laws. Now, these foreigners who indulged in crime in India will be freed in their own countries. This way, India may be the pasture for crimes like illegal narcotics possession business, etc. This may encourage the foreign nationals to indulge in more drug trafficking in India. However, the law prevailing in two States must be similar in every respect. This aspect should be taken care of.

Madam, in the case of Purulia arms dropping, the prime accused, Mr. Peter Bleach, who was flying the aircraft was arrested. He was charged and convicted for offences against the State. But it was reported in the newspaper that the British Prime Minister requested the Indian Deputy Prime Minister to expedite Mr. Bleach's release. We also know that on demands of the hijackers of the Indian Airlines flight to Kandahar, Maulana Masood Azhar incuding some dreaded terrorists had been set free. Madam, this provision of this Bill should not be misused. The Government will get powers to do such mischief under the cover of this amended provision of the Bill. So, the Government should exercise abundant caution in dealing with this amended provision of the Bill so that those persons should not be allowed to make an escape and back to the country of his origin.

Madam, we are a signatory to the Human Rights Commission and under that all prisoners have to be treated with dignity and honour. But, it should not be the case with those prisoners who have committed heinous crimes. Madam, the Government should consider all these aspects. I support the Bill with these limitations.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I think, we have one hour. You can calculate how much time you will have to speak. Please, prepare your points according to it. I know you have a lot of material to speak but this is the most important thing that you should know what point you want to highlight.

SHRIMATI S.G. INDIRA (Tamil Nadu): Madam, I rise to support and speak on the Repatriation of Prisoners Bill, 2003. It is a fact that the spirit of the Bill is a humane consideration and also to help the prisoners languishing in the Indian and in foreign jails. Madam, all the prisoners cannot be clubbed together in view of the fact that many innocent prisoners are under wrongful detention. For example, many innocent Indians have been languishing in Pakistani jails. Also, many fishermen from Tamil Nadu have been languishing in Sri Lankan jails for a long time without any trial. They are crossing ignorantly our territorial waters. This should be taken into

consideration whether we are having any treaty or agreement with Sri Lanka and how it is going to be taken into account. The Chief Minister of Tamil Nadu has asked the Centre to take back Kachchateevu or take it on a permanent lease to safeguard the traditional rights of Tamil Nadu fishermen. I hope the hon. Minister will take care of the safety of Indian fishermen and will also ensure their release from foreign jails. I would like to quote clause 13(1) of the Bill, "The Central Government shall, in consultation with a State Government, determine the prison situated within the jurisdiction of such State Government...". Now, I would like to ask the hon. Minister whether this Bill is giving importance to the State Government or the convict because at the final stage, it has been mentioned in the clause that in consultation with a State Government, it will determine the prison. Has this point been considered whether a State Government is willing to receive that prisoner in their State or not?

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI) in the Chair]

And, also, I would like to ask the Minister whether the Government is having any statistical record regarding the prisoners outside India, because there is no mention about the cost, as to who is going to bear the cost and expenses. If you send 2,000 prisoners to a particular State, say Tamil Nadu, then who is going to bear the cost? Is the Central Government willing to bear the cost or extend financial help to the State Government? It is very vague in this Bill. I would like to touch an aspect regarding the punishment. It may vary from country to country. In India, we are having some limited treaties and agreements with a few countries. What about the stand of other countries regarding punishments? In our country, we can give three years' imprisonment, but it differs from other countries, especially from Gulf countries where so many Indians are languishing in jails. What steps is the Government going to take in this regard? I would like to request the hon. Minister that the ingredients of the bilateral agreements should be looked into because the time of the conviction and its execution vary from country to country. In Gulf countries, after the pronouncement of the sentence of the life, they will immediately cut off the head. But, in India, we are not doing like this. So, what action is the Government of India going to take in this regard because the way punishment is given and the period of execution vary from country to country. This point has not been mentioned in the Bill clearly. Also, this is purely a State subject. And, the willingness of the concerned State should initially be obtained and then it should be decided whether it is the State

Government or the Central Government which is going to bear the cost, because the jails in every State are full and there are no proper and basic amenities in the jails. Every State is requesting the Central Government to help them by giving financial assistance for basic amenities for the jails. So, this is an extra burden on the State Governments. So, what steps does the Government of India propose to take in this regard? *(Time-bell)* I will finish within a minute, Sir. There seems to be a lack of proportion in transferring prisoners between the countries. According to the Bill, a prisoner could be transferred if the judgement is final and no death penalty is imposed. In India, death penalty is awarded in rarest of the rare cases, and execution takes place once in a blue moon. But, in some countries, death penalty is awarded at the drop of a hat. An offence, which attracts one year sentence in India, attracts death penalty in some Gulf countries, as I have already mentioned. If an Indian citizen commits an offence in another country, and is awarded death penalty, and a citizen of that country commits the same offence in India and is awarded simple or rigorous imprisonment, while the Indian will lose his life, the foreigner will have a safe passage to his country. This is why I say that this provision will be, in a sense, disproportionate. I request the hon. Minister to inform the House as to how the Government will deal with such nations. Humane aspect cannot be a one-way affair. We also want our citizens to be treated with humane consideration in other countries. I am hopeful that the hon. Minister will favourably respond to the demand of our leader to get *Kachcha Theevu* to protect our fishermen, to take the *Kachcha Theevu* on a permanent lease. With these words, I conclude. Thank you.

प्रो0 राम देव भंडारी (बिहार) : उपसभाध्यक्ष जी, हिंदी के हिंदुस्तान समाचार पत्र मे आज मैंने एक खबर पढ़ी, "ब्रिटेन की जेलो में दो सौ से ज्यादा भारतीय कैदी।" गृह मंत्रालय की एक ताजा रिपोर्ट मे यह बात कही गई है। उपसभाध्यक्ष जी, दुनिया के कई देशो मे भारतीय नागरिक प्रिजनर्स हैं, उन पर मुकदमा भी चल रहा है और संभव है कि उनमे से कुछ को सजा भी हो गई हो। मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि विदेशो मे जो हमारे भारतीय दूतावास हैं, क्या उन्हें इस बात की खबर रहती है या नही कि उस देश मे कितने भारतीय नागरिक जेलो में बंद हैं, कितनो पर मुकदमा चल रहा है, कितनो को सजा हो चुकी है? आए दिन अखबारो मे खबरे पढ़ते हैं कि यहां कई फर्जी कंपनियां बनी हुई हैं जो विदेशों में नौकरी का लालच देकर लाखो रुपए लेती हैं, विदेशों में भेजती हैं और वहां किसी भी तरह से उस देश में जाकर उन्हें छोड़ देती हैं। फिर वहां की पुलिस उन्हे पकड़ लेती है और जेलों में बंद कर देती है। हमारे जो भारतीय दूतावास हैं, वे इस दिशा मे क्या कार्रवाई कर रहे हैं? मैं यह बात मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि जो भारतीय नागरिक विदेशो में मुकदमों में फंसे हुए हैं, जेलों में बंद हैं, उनके लिए भारतीय दूतावास की क्या भूमिका है?

दूसरी बात यह है कि अगर उन्हें जेल से रिहा भी कर दिया जाता है तो उनके पास इतना साधन भी नही होता कि वे स्वयं वापस अपने देश मे आ जाएं। कई ऐसे नागरिक हैं जो छोटे मुकदमो मे फंसे हुए हैं। चूंकि वे अपने देश से बाहर हैं, वहां उन्हे कोई मदद करने वाला नही है, उन्हे कानूनी सहायता भी नहीं मिलती है इसलिए वे जेलो मे बंद रहते हैं, मुकदमो मे फंसे रहते हैं। इस दिशा में हमारे दूतावास की क्या भूमिका है? मैं यह जानना चाहता हूं कि हमारे दूतावास क्या कर रहे हैं? हमारे देश मे जो विदेशी नागरिक जेलो मे बंद हैं, यहां सजा काटने के बाद उन्हें जेलो से मुक्त कर दिया जाता है। इसमे ऐसा प्रावधान है कि वे स्वयं आवेदन दें या उनके प्रतिनिधि आवेदन दे। कई ऐसे केसेज होगे जिसमे उनका कोई प्रतिनिधि नहीं होगा। उनकी जेल काटने के बाद ऐसी स्थिति नही रहती कि वे दौड़-धूप करके आवेदन करे। यह सबसे महत्वपूर्ण बात है कि जिस देश मे वह जाना चाहता है वह देश उसे स्वीकार करने के लिए तैयार है या नही है। अगर वह देश उसे स्वीकार करने के लिए तैयार नही है तो हमारा देश उस प्रिजनर के साथ क्या करता है? ये मेरे एक-दो सवाल हैं, मैं चाहूंगा कि मेरे इन दोनो सवालो का मंत्री महोदय स्पष्ट उत्तर दें। धन्यवाद महोदय।

